उत्तराखण्ड शासन

वन, भाषा, निर्वाचन, तकनीकी शिक्षा, उत्तराखण्ड सरकार।
Forest, Language, Election, Technical Education, Govt. of Uttarakhand.

प्रेस–नोट

राजाजी टाईगर रिजर्व के अन्तर्गत एक इलेक्ट्रिक वाहन पार्क से ट्रायल रन के उपरान्त लौटने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इसमें 5 कार्मिकों मध्ये क्रमशः श्री शैलेश घिल्डियाल (वन क्षेत्राधिकारी), श्री प्रमोद ध्यानी (उप वन क्षेत्राधिकारी), श्री सैफ अली खान (महावत) एवं श्री कुलराज सिंह की मौके पर मृत्यु हो गई जबकि वन्य जीव प्रतिपालक श्रीमती आलोकी लापता हैं। पाँच कर्मचारी क्रमशः श्री हिमांशु गोसाई (चालक), डॉ राकेश नौटियाल (पशु चिकित्सक), श्री अंकुश, श्री अमित सेमवाल एवं श्री अश्विन बिजू के घायल होने पर उपचारार्थ अस्पताल ले जाया गया है। इस असामयिक घटना पर मा0 मंत्री जी ने गहरा दुःख व्यक्त कर मृत विभागीय कार्मिकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मा0 मंत्री जी ने कहा है कि विभाग ने मेहनती एवं प्रतिभावान कर्मियों को खो दिया है।

इस घटना की विस्तृत जाँच के आदेश दे दिये गये हैं। लापता विभागीय कार्मिक की सघन तलाश करने के साथ ही घायल कर्मियों को बेहतर एवं त्वरित चिकित्सा–उपचार दिलाया जाना सुनिश्चित करने की मा0 मंत्री जी द्वारा से अपेक्षा की गई है।

कक्ष संख्या–124–125, 1ला माला, विधान सभा भवन, देहरादून–248 001, उत्तराखण्ड।
☏: +91–135–2666 671 Fax: +91–135–2665 855. Mail us to : ministryuk1@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner